Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 25th October, 2023

Update on MPPSC Examination 2023

MPPSC एग्जाम के लिए आवेदन करने की तारीख 8 नवंबर तक बढ़ी

प्रीलिम्स एग्जाम 17 दिसंबर को दो शिफ्ट में होगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपीपीएससी की तरफ से एमपी सिविल सर्विस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन की तारीख 8 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट mppsc.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। मध्यप्रदेश में रहने वाले उम्मीदवारों के साथ बाहर रहने वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष के 27 पद, पुलिस उपअधीक्षक के 22 पद, अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त के 17 पद, विकासखंड अधिकारी के 16 पद, नायब तहसीलदार के 3 पद, आबकारी उप निरीक्षक के 3 पद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के 17 पद, सहकारी निरीक्षक के 122 पद के लिए फॉर्म जमा होंगे। उम्मीदवार का ग्रेजुएट होना जरूरी है। मप्र के उम्मीदवारों के नाम रोजगार कार्यालय में रजिस्टर्ड हों। कैंडिडेट्स से इंटरव्यू के दौरान मप्र के रोजगार कार्यालय में रजिस्ट्रेशन नंबर मांगा जा सकता है। इंटरव्यू में सर्टिफिकेट दिखाना जरूरी है। आयु सीमा 21 से 40 वर्ष हो। प्रीलिम्स भर्ती परीक्षा 17 दिसंबर को दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट जनरल स्टडीज के लिए सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी। दूसरी शिफ्ट जनरल एबिलिटी परीक्षा के लिए दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक होगी।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)